Education with Fun

Name: ____________________________ Date: ___________________

बाज और साँप

प्रश्न-1 साँप ने पक्षियों को मूर्ख क्यों कहा है?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-2 बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-3 एक दिन साँप की गुफा में कौन आ गिरा और उसकी हालत कैसी थी?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-4 लेखक साँप और बाज़ के माध्यम से क्या शिक्षा देना चाहता है?

उत्तर ____

____

____

https://educationwithfun.com

Education with Fun

बाज और साँप

प्रश्न-1 साँप ने पक्षियों को मूर्ख क्यों कहा है?

उत्तर साँप के अनुसार पक्षी धरती के सुख से अनजान रहकर आकाश की ऊँचाईयों को नापना चाहते हैं जब कि आकाश में कुछ रखा ही नहीं है। इसलिए उसने पक्षियों को मूर्ख कहा है।

प्रश्न-2 बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

उत्तर बाज साहसी था। उसने अपने प्राणों की बाज़ी लगाकर ज़िंदगी के हर खतरे का बहादुरी से सामना किया था। ऐसे बहादुर लोग मरकर भी अमर रहते हैं। इनके प्रति गर्व और श्रद्धा का भाव प्रकट करते हुए लहरों ने गीत गाया था।

प्रश्न-3 एक दिन साँप की गुफा में कौन आ गिरा और उसकी हालत कैसी थी?

उत्तर एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लतपथ एक बाज़ साँप की गुफा में आ गिरा। उसकी छाती पर कितने ही ज़ख्मों के निशान थे, पंख खून से सने थे और वह अधमरा सा ज़ोर - शोर से हाँफ रहा था।

प्रश्न-4 लेखक साँप और बाज़ के माध्यम से क्या शिक्षा देना चाहता है?

उत्तर लेखक इन पात्रों के माध्यम से मनुष्य को कायर न बनकर, स्वच्छंद व निडर बनने की प्रेरणा देना चाहता है। मनुष्य को अपने जीवन के अंतिम समय तक परिस्थितियों से हार न मान कर चुनौतियों का डट कर सामना करना चाहिए।

https://educationwithfun.com